**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 27-11-2006**

**Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram**

>

Title : Regarding threat to small scale industries due to power shortage in Maharashtra and other States.

**श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) :** सभापति जी, मैं महाराट्र में बिजली कटौती के मामले में केन्द्र सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। महाराट्र में करीब 4000 मेगावाट बिजली की कमी है। इस कारण करीब 8-10 घंटे हर शहर और हर गांव में दिन में बिजली की कटौती होती है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से जो बिजली की मांग की गई है, उसे बढ़ाकर पूरा किया जाये। [s80]

राज्य सरकार ने वहां के लघु उद्योग, कुटीर उद्योग और ग्रामोद्योगों के लिए बिजली की दरें बढ़ा दी हैं जिसकी वजह से ये सारे उद्योग बंद होने के कगार पर हैं। पिछले महीने राज्य सरकार ने करीब साढ़े पांच गुना बिजली की दर बढ़ा दी। इससे जहां 100 एच.पी. पर 3000 रुपये लगते थे, अब 17000 रुपये तक लग रहे हैं। इसका कारण कुछ है तो वहां पर बिजली की कमी है। सरकार लोगों की मजबूरी का लाभ लेकर बिजली के दाम बढ़ा रही है। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि सरकार बिजली की आपूर्ति बढ़ाए और राज्य सरकार द्वारा कुटीर उद्योगों और लघु उद्योगों के साथ जो अन्याय होने जा रहा है, उस पर अंकुश लगाए और बिजली के दाम घटाए।